☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय
(प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)

राष्ट्रीय सहारा

Office of the Registrar
(Press & Publicity Cell)

दिनांक : 31.03.2019

आईआईटी में छात्र संसद का चुनाव सम्पन्न, परिणाम आज

वाराणसी (एसएनबी)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बीएचयू) में शनिवार को छात्र संसद (स्टूडेंट पार्लियामेंट) का चुनाव सुबह साढ़े नौ बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। उप मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. आरएस सिंह ने बताया कि इस वर्ष छात्र सांसद पद के लिए 53 सीट पर 95 प्रत्याशी मैदान में है। प्रत्याशियों में 80 छात्र और 15 छात्राए मैदान में हैं।वर्तमान में संस्थान में छात्र मतदाताओं की संख्या 4660 है। चुनाव में छात्रों विशेषकर प्रथम वर्ष के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुल अस्सी प्रतिशत मतदान हुआ। 31 मार्च को चुने गए 53 छात्र सांसदों के नामों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल और सिविल इंजीनियरिंग विभाग में कुल नौ बूथ बनाए गए। वोटों की गिनती शाम साढ़े पांच बजे से शुरू हुई और देर रात तक चलती रही। चुनाव परिणाम आधिकारिक तौर पर 31 मार्च को घोषित किये जाएंगे। चुनाव में प्रो. एके झा को मुख्य चुनाव अधिकारी और उपमुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. आरएस सिंह और प्रो. राजेश कुमार को नियुक्त किया गया। पूरा चुनाव कार्यक्रम छात्र कार्य, अधिष्ठाता कार्यालय के तत्वावधान में संपन्न कराया गया। चुनाव सकुशल संपन्न कराने में इलेक्शन काउंसिल के सदस्य प्रो. पी भारद्वाज, प्रो. प्रभाकर सिंह, डा. रवि शंकर सिंह, डा. सुनील मिश्रा, डा. श्वेता, डा. अंकुर वर्मा, डा. एसके मिश्रा, डा. लावण्या शिवकुमार की देखरेख में चुनाव सम्पन्न हुआ।